लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 12 May 2023

NBT PAGE 4

अब चाणक्य और शिवाजी की युद्ध नीति पढ़ेंगे स्टूडेंट

एलयू और संबद्ध कॉलेजों में एनईपी-2020 के तहत शुरू हुए वकेशनल कोर्स

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ : एलयू में स्टूडेंट्स को चाणक्य और शिवाजी की युद्ध नीतियों के बारे में पढ़ाया जाएगा। एनईपी-2020 के तहत पाठ्यक्रम में हुए बदलाव में रक्षा अध्ययन के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम में इसे शामिल किया गया है। एलयू व सम्बद्ध कॉलेजों में एनईपी-2020 के तहत पाठ्यक्रमों में बदलाव जारी है। साथ ही वकेशनल कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं। वकेशनल कोर्स की लिस्ट भी जारी कर दी गई है।

नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में 13 व चतुर्थ में 12 कोर्स शुरू हुए हैं। द्वितीय सेमेस्टर में फाइनेंशियल लिट्रेसी एंड बैंकिंग, फूड केमिस्ट्री, इंट्रोडक्शन टू स्टेटिस्टकल डेटा एनालिसिस वन, मशरूम कल्टीवेशन टेक्नॉलजी, विमन लीडरशिप एंड मैनेजमेंट, लैंग्वेज एंड कम्युनिकेशन, कामकाजी हिंदी, काउंसलिंग एंड गाइडेंस, रूरल ट्राइबल कम्युनिटी स्टडीज, संस्कृतकौशलम, एन्सिएंट इंडियन न्यूमिसमैटिक्स, पर्सनल सेलिंग और प्रिंसिपल्स एंड पॉलिसीज ऑफ इंश्योरेंस को शामिल किया गया है। वहीं चतुर्थ सेमेस्टर में बेसिक्स ऑफ इंडियन इकोनॉमी, एंटरप्रोन्योरशिप इन जूलॉजी, इंट्रोडक्शन ऑफ हाउसहोल्ड केमिकल्स, सोप एंड डिटर्जेंट्स, हाइड्रोपोनिक्स कल्टीवेशन ऑफ प्लांट्स, इंट्रोडक्शन टू स्टेट्स्टिकल डेटा एनालिसिस टू, एनहैंसिंग कम्यूनिकेशन स्किल्स, अर्बन अथवा कम्यूनिटी स्टडीज, इंडिस्ट्रल एलीमेंट्री ग्रामर एंड ट्रांसलेशन, नीतिकौशलम को रखा गया है।

एपी सेन में इंडियन इकोनॉमी की पढ़ाई

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में बेसिक कम्यूनिकेशन स्किल्स, कर्मकांड, काउंसलिंग एंड गाइडेंस और बेसिक्स ऑफ कम्प्यूटर कोर्स शुरू किए गए। चतुर्थ में लेजिस्टलेटिव प्रैक्टिसेज एंड प्रोसीजर, एलीमेंट्री ग्रामर एंड ट्रांसलेशन, हिस्ट्री एंड टूरिज्म इन इंडिया एंड यूरोप (18वीं से 20वीं सदी) और बेसिक्स ऑफ इंडियन इकोनॉमी भी पढ़ रहे।

बीए और एमए में पढ़ेंगे युद्ध नीतियां

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में पाठ्यक्रम में हुए बदलाव में रक्षा अध्ययन के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम में स्टूडेंट्स को कौटिल्य और शिवाजी की युद्ध नीतियों को लेकर पढ़ाया जाएगा। डिफेंस स्टडीज के कोऑर्डिनेटर डॉ. ओपी शुक्ला ने बताया कि इसे 2023-24 में बीए व एमए के प्रथम सेमेस्टर के छात्र पढ़ेंगे। इसमें कौटिल्य और शिवाजी की जासूसी प्रणाली, राज्यों के साथ संबंध, मानवाधिकार, सीमा व आंतरिक सुरक्षा की नीतियों के बारे में बताया जाएगा। वहीं डिफेंस स्टडीज में पुलवामा व सर्जिकल स्ट्राइक को भी सिलेबस में पहले ही शामिल किया जा चुका है। इस हफ्ते होने वाली बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में इसे पास कराकर सिलेबस का हिस्सा बनाया जाएगा। यह बीए में ट्रेडिशन एंड नॉन ट्रेडिशन थ्रेड व एमए में नेशनल सिक्योरिटी विषय में पढ़ाया जाएगा।

नारी शिक्षा निकेतन में 6 कोर्स शुरू हुए

नारी शिक्षा निकेतन की प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर में काउंसलिंग एंड गाइडेंस व चतुर्थ में एनहैंसिंग कम्यूनिकेशन स्किल्स, बीकॉम में फाइनेंशियल लिटरेसी एंड बैंकिंग व एनहैंसिंग कम्यूनिकेशन स्किल्स और बीएससी में सेरीकल्चरः मेथड्स एंड प्रॉस्पेक्ट्स, वोकेशनल अन्त्रप्रन्योरशिप इन जूलॉजी व इंट्रोडक्शन टू हाउसहोल्ड केमिकल्स कोर्स शुरू किए गए हैं।

यहां भी शुरू वकेशनल कोर्स

एलयू में 61, सुभाष में 34, केकेसी में 27, डीएवी में 25 केकेवी में 20 वोकेशन कोर्स की लिस्ट जारी की जा चुकी है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में शेक्सपीयर साहित्य महोत्सव मनाया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को मालवीय सभागार में शेक्सपीयर साहित्य महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें छात्रों ने शेक्सपीयर की नाटकीय विशेषज्ञता के विभिन्न रंगों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और विभागाध्यक्ष प्रो. मैत्रीय प्रियदर्शिनी ने किया। इस मौके पर कुलपति ने यूरोपीय भाषाओं के विभाग की पत्रिका रेटरिका के तीसरे अंक विमोचन भी किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन नाटककार के तौर पर शेक्सपीयर की साहित्यिक विशेषताओं का अनुस्मारक है। कार्यक्रम में प्रो. निशी पांडेय, प्रो. मीनाक्षी पाहवा, प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. पूनम टंडन सहित सभी संकायों के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। (संवाद)

शोधार्थियों ने मनाया प्रौद्योगिकी दिवस

लखनऊ। लविवि में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर शोधार्थी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके साथ ही सभी संकायों के शिक्षकों और छात्रों ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव वेबकास्ट के माध्यम से सुनकर विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति को समझा। (संवाद)

i-NEXT PAGE 3

शेक्सपियर महोत्सव मनाया

■ एनबीटी, लखनऊ : अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग की ओर से एलयू के मालवीय सभागार में गुरुवार को शेक्सपियर साहित्य महोत्सव के पहले संस्करण का आयोजन किया गया। महोत्सव में छात्रों ने संगीत, कथक नृत्य और नाटक के माध्यम से शेक्सपियर के विभिन्न दृश्य और पात्रों का प्रदर्शन किया। इस मौके पर कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, शिवांगी गौतम, हश्मिता अरोड़ा, प्रो.अरविंद अवस्थी, प्रो.पूनम टंडन, पुनीत पाठक और प्रो.मीनाक्षी पाहवा भी शामिल रहे।

पीएचडी में सेकंड कटऑफ जारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में गुरुवार को 9 विषयों में सेकंड कटऑफ जारी कर दी गई। एलयू प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट अलॉट की गई है, वह 14 मई तक दी गई लॉगिन पर फीस जमा कर सकते हैं। इकॉनमिक्स, इंग्लिश, फिलॉसफी, फिजिकल एजुकेशन, एप्लाइड इकॉनमिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बॉटनी, संस्कृत और स्टैटस्टिक्स में सेकंड कटऑफ जारी की गई है। छात्र एलयू की वेबसाइट पर अधिक जानकारी ले सकते हैं।

पीएचडी एडमिशन दूसरा सीट आवंटन

LUCKNOW (11 May): लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 के पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत नौ विषयों में दूसरा सीट आवंटन गुरुवार को जारी कर दिया. इनमें इकोनामिक्स, अंग्रेजी, फिलासफी, फिजिकल एजुकेशन, एप्लाइड इकोनामिक्स, बिजनेस एडिनिस्ट्रेशन, बाटनी, संस्कृत एवं स्टैटिस्टिक्स विषय शामिल है.विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन विषयों के चयनित अभ्यर्थियों का दूसरा सीट आवंटन कर दिया गया है. अभ्यर्थी पूर्व में दी गई लागइन का प्रयोग करके 14 मई तक फीस जमा कर दें. गौरतलब है कि रेगुलर की 1231 और पार्टटाइम की 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है.

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू के दो शिक्षकों को रिसर्च प्रोजेक्ट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों को पचास लाख का अनुदान मिला है। साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (एसईआरबी) ने दो प्रोजेक्ट के लिए यह फंड दिया है। जिस पर भौतिक विज्ञान के प्रो. मनोज शर्मा व भूगर्भ विभाग के डॉ. राजेश सिंह रिसर्च करेंगे। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी एसईआरबी ने एलयू के सात शिक्षकों को 30-30 लाख के रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए अनुदान दिया था।

एलयू में कौटिल्य और शिवाजी की युद्ध नीतियां जानेंगे छात्र

शिक्षा नीति

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को कौटिल्य व शिवाजी की युद्ध नीतियों के बारे में पढाया जा रहा है। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत पाठ्यक्रम में हुए बदलाव में रक्षा अध्ययन के स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम में शामिल किया गया था। जिसे सत्र 2023-24 में बीए व एमए के प्रथम सेमेस्टर के छात्र भी पढ सकेंगे।

डिफेंस स्टडीज के कोऑर्डिनेटर डॉ. ओपी शुक्ला ने बताया कि छात्रों को कौटिल्य व शिवाजी की जासूसी प्रणाली, राज्यों के साथ संबंध, मानवाधिकार और सीमा व आंतरिक सुरक्षा की नीतियां पढाई जाएंगी। जिससे छात्रों को सुरक्षा चुनौतियों का अंदाजा लग सके। युद्ध के पहले व बाद की स्थिति का पता लग सके। डॉ. शुक्ला का कहना है कि इससे छात्र डिफेंस इकोनॉमिक्स सहित कई पहलुओं को आसानी से समझ सकेंगे। इसके अलावा पाठ्यक्रम में महाभारत व रामायण कालीन युद्ध नीतियां भी सिलेबस का हिस्सा हैं।

एनईपी के तहत डिफेंस स्टडीज में पुलवामा व सर्जिकल स्ट्राइक को सिलेबस में शामिल किया जाएगा। इस हफ्ते होने वाली बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में इसे पास कराकर सिलेबस का हिस्सा बनाया जाएगा। जिसे बीए चतुर्थ व छठे सेमेस्टर और एमए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र पढेंगे। यह बीए में ट्रेडिशन एंड नॉन ट्रेडिशन थ्रेड व एमए में नेशनल सिक्योरिटी विषय में पढाया जाएगा।

90 प्रतिशत कोर्स एक समान है सीडीएस-बीसीएफ में

सीडीएस परीक्षा में आसानी से होंगे पास

डिफेंस स्टडीज में स्नातक और परास्नातक करने वाला छात्र आसानी से कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीसीएफ) की परीक्षा में सफल हो सकता है। कोऑर्डिनेटर डॉ. ओपी शुक्ला के मुताबिक दोनों का सिलेबस लगभग 90 फीसदी एक समान है। इससे डिफेंस स्टडीज में यूजी-पीजी करने वाला छात्र आसानी से रक्षा क्षेत्र से जुड़ी भर्तियों में सफलता अर्जित कर सकता है। इसलिए ये कोर्स काफी महत्वपूर्ण बताए जा रहे हैं।

एलयू के मालवीय सभागार में गुरुवार को नाटक का मंचन करते छात्र-छात्राएं।

शेक्सपियर महोत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग ने गुरुवार को शेक्सपियर साहित्य महोत्सव के पहले संस्करण का आयोजन किया। मालवीय सभागार हाल में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों की प्रतिभा को सराहा। कार्यक्रम में विलियम शेक्सपियर के नाटकीय शिल्प के पहलुओं को प्रदर्शित किया गया।

i-NEXT PAGE 2

विद्यार्थी पढ़ेंगे सर्जिकल स्ट्राइक

लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीए रक्षा अध्ययन छठे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स अब पुलवामा में हुए आतंकी हमले से लेकर भारत की पाकिस्तान के आतंकी कैंपों पर सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में भी पढ़ेंगे. इसके लिए विभाग ने एक कोर्स भी तैयार कर लिया है, जिसे शुक्रवार को होने वाले बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा. वहां से मंजूरी मिलते ही इस पर काम शुरू हो जाएगा. विभाग के मुताबिक बीए छठे सेमेस्टर रक्षा अध्ययन में दो थ्योरी पेपर और एक प्रैक्टिकल का होता है. इसके अंतर्गत कुछ वर्तमान मुद्दों में केस स्टडी के रूप में पुलवामा हमले और सर्जिकल स्ट्राइक को शामिल किया गया है.

JAGRAN CITY PAGE III

लेक्चर सत्रों में आनलाइन जुड़ने की भी मिलेगी सुविधा

भारतीय विज्ञान कांग्रेस

● लवि में विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्षों की बैठक के बाद आयोजन वाली जगहों का किया गया निरीक्षण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन जनवरी से होने वाले 109वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस के वार्षिक सम्मेलन के मुख्य आयोजन से लेकर कई सत्रों का सजीव प्रसारण किया जाएगा। साथ ही अन्य सभी सत्रों के वीडियो लेक्चर रिकार्ड करके भी विश्वविद्यालय के यू-ट्यूब पर अपलोड किए जाएंगे, ताकि सभी को उन्हें सुनने और जानने का मौका मिल सके। इसके लिए हर लेक्चर हाल में आडियो वीडियो के साथ-साथ आनलाइन जुड़ने की सुविधा रहेगी। गुरुवार को जंतु विज्ञान विभाग में विज्ञान कांग्रेस की तैयारियों के लिए विज्ञान संकाय के सभी विभागाध्यक्षों एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बैठक में इस पर चर्चा हुई।

सुबह 11 बजे से आयोजन सचिव प्रोफेसर एसपी त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोजन सत्रों के शेड्यूल और तैयारियों पर चर्चा हुई। सभी विज्ञान संकाय के हेड लेक्चर आदि के लिए जरूरी सुविधाओं के बारे में पूछा गया। स्थानीय सचिव प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि हर सत्र में आनलाइन प्रस्तुतिकरण की सुविधा होगी। प्रत्येक चिन्हित विभाग में तीन से अधिक साईंटिफिक सेशन एक साथ चलेंगे। ऐसे में वहां जो भी आवश्यकताएं हैं, उनको नोट किया गया है। वहां पर आडियो, वीडियो, आनलाइन जुड़ने सहित सभी सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यदि कोई वैज्ञानिक नहीं आ सकें, वह उससे जुड़कर शामिल हो सकेंगे।

प्रो. एके सक्सेना ने विभागों का दौरा किया : विज्ञान कांग्रेस के लिए विभागों में होने वाले आयोजन के संबंध में जरूरी आवश्यकताएं देखने के लिए प्रो. एके सक्सेना ने वर्क्स डिपार्टमेंट के इंजीनियरों के साथ दौरा किया। हर विभाग एवं हाल में जाकर आवश्यकताओं को नोट कराया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सम्मेलन की अवधि चार दिन करने पर सहमति बनी है। उसी आधार पर तैयारी की जा रही है।

लवि-पीएचडी प्रवेश का दूसरा सीट आवंटन जारी

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 के पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत नौ विषयों में दूसरा सीट आवंटन गुरुवार को जारी कर दिया। इनमें इकोनामिक्स, अंग्रेजी, फिलासफी, फिजिकल एजुकेशन, एप्लाइड इकोनामिक्स, बिजनेस एडिनिस्ट्रेशन, बाटनी, संस्कृत एवं स्टैटिस्टिक्स विषय शामिल है।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी पूर्व में दी गई लागइन से 14 मई तक फीस जमा कर दें। रेगुलर की 1231 और पार्टटाइम की 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। पार्टटाइम पीएचडी में अभी सिर्फ दो विषय के ही चयनित अभ्यर्थियों के नाम जारी किए गए हैं।

परीक्षा अब 18 को: लवि ने बीएड तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2021-23) के प्रैक्टिस इन टीचिंग की परीक्षा की तिथि में संशोधन कर दिया है। अब यह परीक्षा 17 मई के स्थान पर 18 मई को काल्विन तालुकेदार्स कालेज में होगी। शिक्षा शास्त्र संकाय के डीन प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को सुबह आठ बजे लेसन प्लान की कापी, क्रिटिसिज्म बुक एवं सभी विषय का के फाइनल लेसन प्लान के साथ कालेज में रिपोर्ट करनी होगी।

शेक्सपियर साहित्य महोत्सव

लखनऊ : लवि के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग की ओर से मालवीय भवन में शेक्सपियर साहित्य महोत्सव का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने शेक्सपियर के नाटकों के दृश्यों और पात्रों पर प्रस्तुति दी। उन्होंने वार्ड आफ एवन, विलियम शेक्सपियर की नाटकीय विशेषज्ञता के रंग को सामने रखा। नाटककार के रूप में शेक्सपियर की साहित्यिक खूबियों को दिखाया। (जासं)

डा. रश्मि कुमार वनीं आइसीसी की चेयरपर्सन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हिन्दी विभाग की प्रोफेसर डा. रश्मि कुमार को आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) का चेयरपर्सन बनाया है। उनका कार्यकाल तीन साल या अग्रिम आदेश तक मान्य होगा। कुलसचिव संजय मेधावी ने आदेश जारी कर दिया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मना

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पीएचडी शोधार्थियों ने गुरुवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साह के साथ मनाया। सबने प्रधानमंत्री के संबोधन के लाइव वेबकास्ट में भी भाग लिया। उनके संबोधन से प्रेरित हुए और नवीनतम प्रौद्योगिकी विकास और भारत के विभिन्न शहरों एवं केंद्रों में विकसित हो रहे नए तकनीकी प्रतिष्ठानों के बारे में नई जानकारी प्राप्त की। (जासं)

PIONEER PAGE 3

शेक्सपियर साहित्य महोत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग ने गुरुवार को दोपहर 12 बजे शेक्सपियर साहित्य महोत्सव के पहले संस्करण का मालवीय सभागार में आयोजन किया। कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के तत्वावधान में संपन्न हुआ। उत्सव के दौरान प्रोफेसर अरविंद अवस्थी, डीन, कला संकाय और प्रोफेसर पूनम टंडन, डीन छात्र कल्याण समेत विश्वविद्यालय के सभी संकायों से शिक्षक एवं छात्र भी उपस्थित थे।

यह आयोजन विलियम शेक्सपियर के नाटकीय शिल्प के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने का एक प्रयास था। जिसमें बार्ड ऑफ एवन, विलियम शेक्सपियर की नाटकीय विशेषज्ञता के विभिन्न रंगों को प्रदर्शित किया गया था। यह विभाग के छात्रों द्वारा प्रतिभा के असाधारण प्रदर्शन द्वारा चिह्नित किया गया। समारोह की संयोजिका के कार्यों को शिवांगी गौतम और हश्मिता अरोड़ा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और सपना दुबे द्वारा गाए गए मधुर सरस्वती वंदना के गायन के साथ हुई। तत्पश्चात सपना दुबे, सुरभि सिंह, आस्था पटेल और गीता शर्मा ने बड़े जोश और उत्साह के साथ विश्वविद्यालय कुलगीत गाया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर विभागाध्यक्ष प्रो मैत्रेयी प्रियदर्शिनी द्वारा अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग की पत्रिका रेटोरिका के तीसरे खंड के पहले अंक का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ। तत्पश्चात, प्रो नाजनीन खान ने अंग्रेजी नाटककार विलियम शेक्सपियर पर एक परिचयात्मक भाषण दिया। इसके बाद डॉ विनीत मैक्सवेल डेविड ने शेक्सपियर लिटरेरी फेस्टिवल के पहले संस्करण का परिचय दिया। उसके बाद शेक्सपियर के नाटकों के विभिन्न दृश्यों और पात्रों पर प्रदर्शन किया गया। शाश्वत पाण्डेय ने जूलियस सीज़र से मार्क एंटनी के भाषण, दोस्तों, रोमनों, देशवासियों, को अधिनियमित किया। सचिन पांडे ने विलियम शेक्सपियर के सॉनेट 18 को सुनाया। गार्गी द्विवेदी ने कैलपूर्णिया के चरित्र को निभाया जबकि मानसी यादव ने जूलियस सीज़र नाटक से जूलियस सीज़र की भूमिका निभाई। मान्या जैन ने लेडी मैकबेथ के मैकबेथ के पत्र को पढ़ने के सम्मोहक गायन पर कथक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। अरीब ज़हरा और पुनीत पाठक ने रोमियो और जूलियट के उर्दू अनुवाद से एक दृश्य का अभिनय किया। राजकुमार सिंह ने ओथेलो से इट इज़ द कॉज ओथेलो भाषण दिया। आकाश मिश्रा ने ओथेलो से इयागो के भाषण व्हाट्स ही देन दैट सेज आई प्ले द विलेन का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात, शोधार्थी अक्षय भारद्वाज, वर्षा पाठक, वत्सल शर्मा और प्रेरणा अनमोल ने द टेम्पेस्ट के भोजपुरी अनुवाद का मंचन किया। इसका शीर्षक अंधाड था और इसका अनुवाद अक्षय भारद्वाज ने किया था। इसके बाद शुभांगी सोनी ने मैकबेथ के नींद में चलने वाले दृश्य के एक शास्त्रीय गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रदर्शन किया। मानसी ने हेमलेट से ओफेलिया का भाषण ओह व्हाट ए माइंड हियर इज़ ओवरथ्रोन का प्रदर्शन किया। अनुपम कुमार ने शेक्सपियर का सॉनेट 29 पढ़ा। इसके बाद उर्दू में खालिद कयूम पारे और अलीना नासिर द्वारा हैमलेट से विचारोत्तेजक ग्रेव डिगर सीन का अभिनय किया गया। खालिद ने कश्मीरी में एक प्रेम कविता भी पढ़ी और उसी का अनुवाद शिवांगी ने सुनाया। सोनिया छिमवाल ने एज़ यू लाइक इट से रोज़ालिंड के भाषण सो वाज़ आई व्हेन योर हाइनेस टुक हिज़ डुकडम का प्रदर्शन किया। उम्मे कुलसुम ने उर्दू में अल्लामा इकबाल के शेक्सपियर सॉनेट 156 का पाठ किया, जिसका अनुवाद डॉ मुस्तानसिर मीर ने किया है। ज्योतिर्मय जोशी ने हैमलेट से टू बी ऑर नॉट टू बी स्वभाषण का प्रदर्शन किया। कौशिकी सिंह ने अपनी मूल कविता बार्ड ऑफ एवन का पाठ किया, जिसे उन्होंने विलियम शेक्सपियर पर लिखा था। संचली राज ने द मर्चेंट ऑफ वेनिस से पोर्शिया की भूमिका निभाई। यज्ञ गुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य पेश किया। अलीना नासिर ने मैकबेथ से विच का किरदार निभाया। मानसी विश्वकर्मा ने विलियम शेक्सपियर के सोनेट 116 पढ़ा। प्रज्ञा तिवारी ने मैकबेथ से लेडी मैकबेथ का किरदार निभाया। प्रांजल कुमार सिंह ने एज यू लाइक इट से जैक्स का भाषण प्रस्तुत किया। जिसका शीर्षक था द वर्ल्ड इज़ ए स्टेज़। प्रदर्शन का समापन पुनीत पाठक के मैकबेथ के भाषण, इज़ दिस अ डैगर आई सी बिफोर मी के प्रदर्शन के साथ हुआ।

सीएम आज लविवि के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सैमसंग इनोवेशन कैम्पस कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय से आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, इण्टरनेट ऑफथिंग्स, बिग डेटा तथा कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षण पूरा करने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। ज्ञातव्य है कि सैमसंग इनोवेशन कैम्पस, सैमसंग इंडिया की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल है।

योगी आज लोकभवन में मंत्रिमंडल सदस्यों के साथ देखेंगे 'द केरला स्टोरी' फिल्म मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ लोकभवन में आयोजित 'द केरला स्टोरी' की विशेष स्क्रीनिंग में फि ल्म को देखेंगे। यह विशेष स्क्रीनिंग यूएफ ओ सिने मीडिया नेटवर्क के सहयोग से आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने इस फिल्म को यूपी में टैक्स फ्री करने के निर्देश दिए हैं। फिल्म की टीम ने बीते बुधवार को मुख्यमंत्री से मिलकर चर्चा की थी। साथ ही टीम ने लव जेहाद व धर्मांतरण को रोकने को लेकर यूपी में बने कानून व की गई कार्रवाइयों की सराहना भी की थी।

एलयू के दो शिक्षकों को मिला 50 लाख का अनुदान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों को शोध के लिए साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (एसईआरबी) ने दो प्रोजेक्ट के लिए पचास लाख का अनुदान दिया है। जिस पर भौतिक विज्ञान के प्रो मनोज शर्मा व भूगर्भ विभाग के डॉ राजेश सिंह रिसर्च करेंगे। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी एसईआरबी ने एलयू के सात शिक्षका को 30-30 लाख के रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए अनुदान दिया था। इसमें रसायन विज्ञान के चार, दो जंतु विज्ञान और एक सांख्यिकी के शिक्षक को मिला था।

AMRIT VICHAR PAGE 5

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल पाठ्यक्रम शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के बाद अब संबद्ध कॉलेजों की पहल

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के बाद अब सम्बद्ध कॉलेजों ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अमल करना शुरू कर दिया है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय में 61, केकेसी में 27, केकेवी में 20. सुभाष में 34 और डीएवी में 25 नए रोजगारपरक कोर्सों को शुरू करने पर मुहर लगी है। वहीं नवयुग कन्या महाविद्यालय में 25, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स में 8 और नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में छह कोर्स शुरू किए गए हैं।

नवयुग की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में 13 व चतुर्थ में 12 कोर्स शुरू हुए हैं। इसमें द्वितीय सेमेस्टर में फाइनेंशियल लिट्रेसी एंड बैंकिंग, फूड केमेस्ट्री, इंट्रोडक्शन टू स्टेस्टिकल डाटा एनालिसिस वन, मशरूम कल्टीवेशन टेक्नोलॉजी, वूमेन लीडरशिप एंड मैनेजमेंट अॅग्वेज एंड कम्यूनिकेशन कामकाजी हिंदी. काउंसलिंग एंड गाइडेंस, रूरल ट्राइबल कम्यूनिटी स्टडीज, संस्कृत कौशलम, एन्सिएंट इंडियन न्यूमिसमैटिक्स, पर्सनल सेलिंग और प्रिंसिपल्स एंड पॉलिसीज ऑफ इंश्योरेंस को शामिल किया गया है। जबकि चतुर्थ सेमेस्टर में बेसिक्स ऑफ इंडियन इकोनॉमी, एंटरप्रीन्योरशिप इन जूलॉजी, इंट्रोडक्शन ऑफ हॉउसहोल्ड केमिकल्स, सोप एंड डिटर्जेंट्स हाइड्रोपोनिक्स कल्टीवेशन ऑफ प्लांट्स, इंट्रोडक्शन टू स्टेस्टिकल डाटा एनालिसिस टू एनहेसिंग कम्यूनिकेशन स्किल्स, अर्बन अथवा कम्यूनिटी स्टडीज, इंडिस्ट्रल एलीमेंट्री ग्रामर एंड ट्रांसलेशन, नीतिकौशलम, सर्जनात्मक एवं माध्यम लेखन, हिस्ट्री एंड टूरिज्म इन इंडिया एंड यूरोप (18वीं से 20वीं सदी) और एंटरप्रीन्योरशिप को रखा गया है।

VOL PAGE 4

शेक्सपियर के नाटक में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

लविवि में शेक्सपियर साहित्य महोत्सव की हुई शुरुआत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग ने गुरुवार को शेक्सपियर साहित्य महोत्सव के पहले संस्करण का आयोजन मालवीय सभागार में हुआ। कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के तत्वावधान में संपन्न हुआ। उत्सव के दौरान कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अरविंद अवस्थी और छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पूनम टंडन समेत विश्वविद्यालय के सभी संकायों से शिक्षक एवं छात्र भी उपस्थित रहे।

यह आयोजन विलियम शेक्सपियर के नाटकीय शिल्प के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने का एक प्रयास था, जिसमें बार्ड ऑफ एवन, विलियम शेक्सपियर की नाटकीय विशेषज्ञता के विभिन्न रंगों को प्रदर्शित किया गया था। यह विभाग के छात्रों द्वारा प्रतिभा के असाधारण प्रदर्शन द्वारा चिह्नित किया गया। समारोह की संयोजिका के कार्यों को शिवांगी गौतम और हशिमता अरोड़ा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग की पत्रिका रेटोरिका के तीसरे खंड के पहले अंक का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ। इसके बाद प्रो नाजनीन खान ने अंग्रेजी नाटककार विलियम शेक्सपियर पर एक परिचयात्मक भाषण दिया। इसके बाद डॉ. विनीत मैक्सवेल डेविड ने शेक्सपियर लिटरेरी फेस्टिवल के पहले संस्करण का परिचय दिया। उसके बाद शेक्सपियर के नाटकों

के विभिन्न दृश्यों और पात्रों पर प्रदर्शन किया गया। छात्रों और शोधार्थियों के मनमोहक प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रो. मीनाक्षी पाहवा ने धन्यवादज्ञापन किया। छात्रों द्वारा उनके प्रतिभा का सम्मोहक प्रदर्शन अत्यंत प्रशंसनीय रहा। यह आयोजन एक नाटककार के रूप में शेक्सपियर की साहित्यिक खूबियों के बारे में एक विनम्र अनुस्मारक था।

JAGRAN CITY PAGE III

मोम से बना अटल बिहारी का पोर्ट्रेट इंडिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज

● आर्ट्स कालेज के छात्र विनय ने बाटिक कला में 17 फीट लंबी और नौ फीट चौड़ा पोर्ट्रेट 16 दिनों में किया तैयार, लोगों ने दी बधाई

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मास्टर आफ विजुअल आर्ट्स (एमवीए) प्रथम सेमेस्टर के छात्र विनय सिंह की ओर से बनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का सबसे बड़ा पोर्ट्रेट इंडिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज हो गया। छात्र ने नौ किलो मोम व अन्य सामग्री की मदद से बाटिक कला में 17 फीट लंबे व नौ फीट चौड़े इस पोर्ट्रेट को 16 दिन में बनाया है। रिकार्ड दर्ज होने के बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, कालेज के डीन प्रो. रतन कुमार और अन्य शिक्षकों ने छात्र को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

कालेज के रणबीर सिंह बिष्ट छात्रावास में रहने वाले छात्र विनय सिंह मूल रूप से मऊ के निवासी है। वह बताते हैं कि शुरू से ही देश के महापुरुषों से प्रभावित रहा हूं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रकवि भी थे। उनके व्यक्तित्व का चित्रण करते हुए मैंने बाटिक कला में पोर्ट्रेट बनाया। इंडिया बुक आफ रिकार्ड बनने के बाद वहां मेडल, प्रमाण पत्र आ गया है।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के पोर्ट्रेट के साथ विनय ● सौजन्य से स्वयं

पोर्ट्रेट बनाने में इनका किया इस्तेमाल

स्व. अटल बिहारी का भव्य पोर्ट्रेट बनाने के लिए तीन किलो मोम, छह किलो पैराफिन मोम, वैट डाई, डायरेक्ट डाई, एचसीएल, कास्टिक, एसिटिक अम्ल, नाइट्रेट तथा अनेक प्रकार के केमिकल रंगों और सूती वस्त्र का प्रयोग किया गया। इस पेंटिंग को 12 मार्च से बनाना शुरू किया और 16 दिन में तैयार कर लिया। विनय ने बताया कि इसे इंटरनेशनल बुक आफ रिकार्ड तथा एशिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज कराने के लिए भी आवेदन किया है।

NBT PAGE 6

एलयू के छात्र विनय सिंह ने बनाई पोर्ट्रेट पेंटिंग।

अटलजी की पोट्रेट पेंटिंग बना गढ़ा रेकॉर्ड

एलयू छात्र विनय सिंह का नाम इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में दर्ज

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के कला संकाय के छात्र विनय सिंह ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे बड़ी पोट्रेट पेंटिंग बनाकर इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है।

छात्र विनय सिंह ने बताया यह पेंटिंग 16 दिनों में बनकर तैयार हुई है। पेंटिंग में करीब 3 किलो बी-वैक्स, 6 किलो पैराफिन वैक्स समेत अन्य प्रकार के केमिकल रंगों का उपयोग किया गया है। यह पेंटिंग 196 गुणा 115 इंच के सूती वस्त्र पर बनाई गई है। वहीं डीन डॉ.रतन कुमार ने बताया कि यह पेंटिंग 30 हजार रुपये में बनकर तैयार हुई है। इस कला की खूबसूरती यह है कि इस पर मोम के टूटने पर जो दरार आते हैं वह बहुत ही सुंदर लगते हैं। छात्र ने इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे बड़े पोट्रेट बनाने का रेकॉर्ड बनाया है। इसे इंटरनैशनल बुक ऑफ रेकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ रेकॉर्ड के लिए भेजा गया है।

HINDUSTAN PAGE 6

छात्र विनय सिंह की पेंटिंग इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में



लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र विनय सिंह ने दुनिया की सबसे बड़ी पोट्रेट पेंटिंग बनाई है। इसे अब इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। ललित कला संकाय के मास्टर इन विजुअल आर्ट्स, प्रथम सेमेस्टर के छात्र विनय सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एक पोट्रेट पेंटिंग तैयार की थी। जिसे विनय ने 31 मार्च को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल करने के लिए आवेदन किया था।

प्रो. रणवीर सिंह बिष्ट द्वारा छात्रावास के एक कमरे में मोम, डाई व केमिकल्स का इस्तेमाल कर के बाटिक कला में बनाई गई पोट्रेट पेंटिंग की ऊंचाई दस व लंबाई 17 फीट है। पेंटिंग 196/115 इंच के सूती वस्त्र पर बनाई गई है। इसे बनाने में 16 दिन का समय लगा है। पेंटिंग लगभग 3 किलो बी वैक्स, 6 किलो पैराफिन वैक्स, वैट डाई डायरेक्ट डाई, नेपेथॉल डाई, एच सी एल, कास्टिक व अन्य प्रकार के केमिकल रंगों का प्रयोग कर बनाई है।

TOI PAGE 2

Shakespeare stirs a Bhojpuri 'Tempest' at LU

TIMES NEWS NETWORK



V Sunil

TEMPEST WITH A TWIST: LU students staging the play on Thursday

Lucknow: *"Bhagwan Karihan Ki yeh sansaar ke sab kasht, peedha Prosperua ko hove. Okra bhootvan sab sunat hoiye, hum tabahu okra shrap deab* (May all the pain and suffering of this world be inflicted upon Prospero. I know his spirits must be listening, but then too I will curse him)."

Lucknow University's Malviya Hall echoed with resounding cheers the moment this famous dialogue from 'The Tempest' was delivered in Bhojpuri by the student actor Akshay Bhardwaj who played the character of Caliban, a servant of Prospero.

The occasion was the first edition of the Shakespeare Literary Fest organised by the students of English and Modern European Languages (EMEL) department of Lucknow University.

While the scenes from the plays of William Shakespeare were staged in Bhojpuri, Hindi and Urdu languages, students also presented Shakespearean sonnets in semi-classical dance forms.

The event was a theatrical attempt at exhibiting aspects of William Shakespeare's dramatic craft, which has been translated/adapted into over 75 languages spoken the world over.

A team of four students: Varsha (narrator) and actors Akshay Bhardwaj, Prerna Anmol and Vatsal Sharma played the Bhojpuri version of Caliban, Trinculo and Stephano from The Tempest respectively.

It was the first ever Bhojpuri adaptation of the play performed on LU stage.

"The idea came from our teacher Vineet Maxwell David. We just lapped it up and delivered it to the best of our abilities. We are happy that it was applauded," said PhD student Prerna Anmol.

Akshay translated the dialogue in Bhojpuri.

Be it student Shashwat Pandey enacting Mark Antony's speech: "Friends, Romans, Countrymen" from Julius Caesar, Sachin narrating Sonnet 18 of William Shakespeare, Gargi who enacted the character of Calpurnia (wife of Caesar) or Mansi playing the role of Julius Caesar almost every enactment touched hearts of the audience.

Motivation from the department head Prof Matrayi Priyadarshini and Prof Meenakshi Pahwa inspired students to perform on and semi-classical dance on the writings of Shakespeare.

Manya Jain performed kathak on the compelling rendition of Lady Macbeth's reading of Macbeth's letter and Shubhangi Soni performed a semi-classical dance in Macbeth's sleepwalking scene. Alina Nasir's enactment of the witch from Macbeth give goosebumps to audience. "It is our first attempt to link arts with education and learning as envisioned in National Education Policy," said Meenakshi Pahwa, English faculty, LU.

HT PAGE 3

{ SHAKESPEARE LITERARY FEST }

LU students enact scenes from dramatist's celebrated plays, leave audience spellbound

HT Correspondent

letters@htlive.com

LUCKNOW: The department of English and Modern European Languages of the Lucknow University (LU) hosted the first edition of 'The Shakespeare Literary Festival' on Thursday at the Malviya Hall of the university.

The event was a theatrical attempt at exhibiting various aspects of William Shakespeare's dramatic craft. It was marked by extraordinary display of talent by the students of the department.

Vineet Maxwell David, a faculty of the department, introduced the first edition of festival. The performances on various scenes and characters from Shakespeare's plays followed thereafter. Shashwat Pandey enacted Mark Antony's speech, "Friends, Romans, Countrymen" from 'Julius Caesar' while Sachin Pandey narrated Sonnet 18 of Shakespeare.

The event was an attempt at exhibiting various aspects of William Shakespeare's dramatic craft HT PHOTO

Gargi Dwivedi enacted the character of Calpurnia while Mansi Yadav essayed the role of Julius Caesar. Manya Jain presented Kathak on the compelling rendition of Lady Macbeth's reading of Macbeth's letter. Areeb Zehra and Puneet Pathak enacted a scene from the Urdu translation of 'Romeo and Juliet'. Rajkumar Singh performed the speech "It is the cause Othello" from 'Othello'.

This was followed by Shubhangi Soni's moving dance performance on a classical song which was an enactment in dance of the sleepwalking scene of 'Macbeth'.

Mansi performed Ophelia's speech, "Oh what a mind here is overthrown" from Hamlet. Anupam Kumar read Sonnet 29 of Shakespeare. This was followed by an enactment of the evocative gravedigger scene from 'Hamlet' by Khalid Quyoom Paray and Alina Nasir in Urdu. Sonia Chhimwal performed Rosalind's speech, "So was I when your highness took his dukedom" from 'As You Like It'. Umme Kulsoom recited Allama Iqbal's Shakespeare sonnet 156 from Baang e Dare in Urdu, translated by Dr Mustansir Mir. Jyotirmoy Joshi performed the riveting, "To be or not to be" soliloquy from 'Hamlet'. Kaushiki Singh recited her original poem titled "Bard of Avon" which she wrote on William Shakespeare.

Sanchali Raj enacted the role of Portia from 'The Merchant of Venice'. Yagya Gupta performed a classical dance. Alina Nasir enacted the character of witch from 'Macbeth'.